हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024

जारी रहेंगी 'लाडकी बहिन' सहित सभी योजनाएं: सीएम फडणवीस

नागपुर। महाराष्ट्र विधान मंडल का शीतकालीन सत्र जारी है। इस बीच, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने 'लाडकी बहिन' योजना को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी विधानसभा में दी है। उन्होंने विधानसभा को बताया कि 'लाडकी बहिन' सहित सभी चल रही योजनाएं जारी रहेंगी। साथ ही लाड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं के लिए दिसंबर की सहायता राशि महीने के अंत तक जमा कर दी जाएगी। इसके साथ ही सीएम ने विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। फडणवीस ने कहा कि हमने राज्य चुनावों के दौरान लोकसभा अभियान के विपक्ष के नकली आख्यान को नष्ट कर दिया। राज्य में महायुति की जीत ने साफ कर दिया है कि विपक्ष के पास अब करने को कुछ नहीं है।

शाह के आंबेडकर बयान पर विपक्ष आक्रामक

विधानसभा में विपक्षी नेताओं ने किया प्रदर्शन

नागपुर।

विधान मंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने के बाद विपक्षी दलों के नेता पिछले तीन दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉ.बी.आर. आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद नागपुर विधानसभा में भी विपक्षी नेताओं का प्रदर्शन और तेज हो गया। गुरुवार को भी विपक्ष ने विधान भवन में जोरदार हंगामा किया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

इस समय विपक्ष ने अमित शाह के बयान को संविधान निर्माता का अपमान बताया। विपक्ष ने कहा कि संविधान निर्माता का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। विपक्षी दल महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता गुरुवार को नीली टोपी और स्टोल पहनकर नागपुर के संविधान चौक से मोर्चा निकाला। विधान परिषद के परिसर में पहुंचने के बाद ही उन्होंने बाबासाहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे भी लगाए।

शीतसत्र के चौथे दिन महाराष्ट्र विधानसभा में राजनीतिक हलचल तेज रही। जहां एक ओर विपक्षी दलों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डॉ.बाबासाहब आंबेडकर के संबंध में किए गए बयान का विरोध किया, वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष, विशेषकर शिवसेना शिंदे गुट, ने गृहमंत्री के समर्थन में नारेबाजी की।

विपक्षी नेताओं ने शाह के बयान को आंबेडकर की छवि के खिलाफ बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की और गृहमंत्री से माफी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान समाज में असहमति और विभाजन की भावना को बढ़ावा देने वाला है।

शिवसेना शिंदे गुट शाह के समर्थन में

शिवसेना शिंदे गुट के विधायकों ने गृहमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए विधानसभा में नारेबाजी की और इसे गलत तरीके से पेश करने का आरोप विपक्ष पर लगाया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री का उद्देश्य किसी को आहत करना नहीं था और उनके बयान को संदर्भ से बाहर किया जा रहा है। इस राजनीतिक संघर्ष ने विधानसभा में गर्मागर्मी बढ़ा दी, और शीतसत्र के दौरान यह विवाद राज्य की राजनीति में एक नए मोड़ के रूप में सामने आया।

दूसरे के प्लॉट को अपना बताकर 40 लाख की ठगी

> 2 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

नागपुर। कोराडी थाना क्षेत्र में स्थित एक कोऑपरेटिव सोसाइटी के 2 प्लॉट को अपना बताकर जाली दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों द्वारा एक व्यक्ति से 40 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी साजिद जमाल हाजी मोहम्मद खुर्शीद (37) की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। फरियादी साजिद जमाल हाजी मोहम्मद खुर्शीद, जो फुटाना ओली कामठी निवासी हैं, ने पुलिस को बताया कि आरोपियों इंद्रजीत मेखलाल महोबिया (45) और तुलसी बाई मेखलाल महोबिया (60), दोनों शीलानगर के निवासी हैं, ने उन्हें अपनी धोखाधड़ी का शिकार बना लिया। आरोपियों ने साजिद को मौजा नारा स्थित नशेमन को-ऑपरेटिव सोसाइटी के खसरा नंबर 22/1 के प्लॉट नंबर 1 और 18 का मालिक बताकर उनसे 40 लाख रुपये में सौदा किया।

इसके बाद आरोपियों ने जाली दस्तावेजों के आधार पर इन दोनों प्लॉटों पर अपना हक जताया और साजिद से 40 लाख रुपये की राशि ली। न केवल पैसे की लेन-देन हुई, बल्कि आरोपियों ने 27 नवंबर 2024 को इन प्लॉट्स की रजिस्ट्री भी साजिद के नाम कर दी। बाद में जब साजिद को पता चला कि ये प्लॉट्स अदालत में केस चलने के कारण नहीं बेचे जा सकते थे और इनकी असली मालिकाना हक निसर्ग कोऑपरेटिव सोसाइटी के पास था, तो साजिद को धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

'पी प्रभु ज्ञान का जल रे मना...' पर झूमे भक्त

> कथा से होता है आत्मा का ज्ञान: इंद्रदेव सरस्वती महाराज

नागपुर।

जिसे कथा में वास्तविकता लगती है, वह कथा बार- बार सुनता है और करता है। जिसे कथा आडंबर लगती है वह इसे नहीं सुनता। कथा सुनने से सभी प्रकार के ज्ञान हमारे अंदर विकसित होते हैं। आत्मा का ज्ञान होता है, मुक्ति का ज्ञान होता है, जन्म- मरण का ज्ञान होता है। इसी ज्ञान से संसार में आने का लाभ मिलता है। उक्त आशय के उद्गार रेशिमबाग मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का दौरान मथुरा वृंदावन के भागवत कथाकार डॉ. इंद्रदेव सरस्वती जी महाराज ने कहे। कथा 24 दिसंबर तक राधा किशोरी सेवा समिति की ओर से आयोजित की गई है। कथा का समय दोपहर 1 से 4 रखा गया है।

महाराज जी ने भागवत के बीच में 'पी प्रभु ज्ञान का जल रे मना, सत्संग वाली गली तू चल रे मना' भजन गाया। भजन सुन कर श्रोता भक्ति में नाचने लगे। इंद्रदेव सरस्वती महाराज ने आगे कहा कि कथा में आना जरूरी है। पुरुषार्थ करना जरूरी है। पिछले भाग्य पर कभी जीवित नहीं रहना चाहिए। नित नए भाग्य का निर्माण करते रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन में नियम संयम को धारण करो, इससे आप धन्य और मजबूत बनते चले जाते हो। हम संसार में किसी को भी खुश नहीं कर सकते। सारे सुख के रास्ते खोज के देख लिए पर इस संसार में केवल भगवत प्रभु की स्तुति से ही सारे सुख मिलेंगे। परमात्मा को जपो, भजो। इसी लोक में भगवत स्तुति से परलोक को सुधार पाओगे। जैसा कर्म करोगे वैसा ही फल मिलेगा, परिणाम आएंगे।

सफ़लतार्थ दीपक मड़ावी, अमरनाथ पचीसिया,संजय बत्रा, तानाजीराव वाघ, शम्भू सिंह ठाकर, हेमंत वाघमारे, हेमन्त खानोरकर, एड.कुश चावड़ा, विनीत टन्डन सहित श्री राधा किशोरी सेवा समिति के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व महिला मंडल प्रयासरत हैं।

बाइक की डिक्की से साढ़े 9 लाख नकद चोरी

नागपुर। गणेशपेठ पुलिस थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें अज्ञात चोर ने एक व्यापारी के दोपहिया गाड़ी की डिक्की से साढ़े 9 लाख रुपये और तीन चेक बुक चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी मोहम्मद जुबेर मोहम्मद शफीक (38), जो हबीबी कॉम्पलेक्स शांति नगर के निवासी हैं, इतवारी स्थित 'टी. के. ट्रेडर्स' नामक सुपारी का होलसेल व्यवसाय चलाते हैं। उनकी कंपनी का खाता तिलक पुतले के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में है। उनके यहां रमन पिरयानी (62) कैशियर के रूप में कार्यरत हैं।

16 दिसंबर को दोपहर करीब 2 बजे रमन पिरयानी व्यवसाय के साढ़े 9 लाख रुपये की नगदी को बैंक में जमा करने के लिए अपने दोपहिया मेस्ट्रो गाड़ी (क्र. एम एच 49 एम 4888) से बैंक पहुंचे थे। बैंक में पूछताछ करने के बाद, जब वह अपनी गाड़ी के पास पहुंचे, तो उन्हें गाड़ी की चाबी नहीं मिली। इसके बाद रमन ने दुकान से गाड़ी की दूसरी चाबी मंगवाई और जब डिक्की खोली, तो उन्हें चौंका देने वाली जानकारी मिली। डिक्की में रखे गए साढ़े 9 लाख रुपये और तीन चेक बुक गायब थे।

अज्ञात आरोपी ने मौका पाकर गाड़ी की डिक्की से नगदी और चेक बुक पर हाथ साफ कर लिया था। रमन पिरयानी ने तुरंत इस घटना की शिकायत गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

मुंबई से ट्रेन में लाई गई एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप

>क्राइम ब्रांच ने किया भंडाफोड़, 4 आरोपी गिरफ्तार

नागपुर।

मुंबई से नागपुर पहुंची एमडी ड्रग्स की एक बड़ी खेप को क्राइम ब्रांच की टीम ने समय रहते पकड़ लिया। इस कार्रवाई में चार आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में शेख अशफाक उर्फ मुस्ताक शेख सत्तार (32) न्यू म्हालगी नगर, प्लॉट नंबर 235,हुडकेश्वर, शेख अकील शेख खलील (37) हसनबाग, नंदनवन निवासी, आमिर खान अयूब खान (35) हसनबाग, नंदनवन और अब्दुल समीर अब्दुल सकुर (38) बंगाली पंजा, लेंडी तालाब, पांचपावली निवासी का समावेश है।

रेलवे के माध्यम से एमडी नागपुर लाई गई थी, और उससे पहले कि तस्कर उसे आगे डिलीवर करते, पुलिस ने संतरा मार्केट रेलवे स्टेशन के पास छापा मारकर सभी आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग को सूचना मिली थी कि एमडी ड्रग्स की एक बड़ी खेप ट्रेन से नागपुर आने वाली है। इस सूचना पर पुलिस ने संतरा मार्केट रेलवे स्टेशन के पास ट्रैप लगाया और जैसे ही शेख अशफाक नामक ड्रग्स तस्कर सेवाग्राम एक्सप्रेस से नागपुर पहुंचा पुलिस ने उसे और उसके अन्य साथियों को स्टेशन के बाहर ही गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 107 ग्राम एमडी, दो मोबाइल फोन, एक मोपेड गाड़ी सहित करीब 11 लाख 90,500 रुपये का माल जब्त किया है। गिरफ्तार तस्कर शेख अशफाक उर्फ मुस्ताक शेख पेशे से ऑटो चालक है। इसके अलावा शेख अकील और शेख खलील दोनों सब्जी विक्रेता हैं और सब्जी की आड़ में एमडी की तस्करी कर रहे थे।

मोटर वाहन निरीक्षक को जान से मारने की धमकी

> ड्राइविंग टेस्ट में फेल किए जाने से आहत था दलाल

नागपुर। कपिल नगर पुलिस थाना अंतर्गत ड्राइविंग टेस्ट में प्रत्याशी को फेल किए जाने से आगबबुला होकर दलाल ने सहायक मोटर वाहन निरीक्षक को जान से मारने की धमकी दी है. आरोपी जावेद छोटे खान पठान, आनंद नगर, काटोल मार्ग निवासी है।

जावेद खान का ड्राइविंग स्कूल है। शियकातकर्ता सहायक मोटर वाहन निरीक्षक राहुल धकाते के पास 17 दिसंबर को खान की ड्राइविंग स्कूल के माध्यम से एक महिला प्रत्याशी टेस्ट के लिए आई। वह टेस्ट में फेल हो गई. इससे खान संतप्त हो गया। वह तीन-चार साथियों के साथ धकाते के पास पहुंचा. धकाते पर उसकी पत्नी को लेकर अश्लील बोलने का आरोप लगाकर गालियां देने लगा। फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देने लगा. धकाते के टेबल पर रखे दस्तावेज फेंक दिए। जान से मारने की धमकी भी देने लगा। धकाते ने कपिल नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई. इसके आधार पर पुलिस ने खान के खिलाफ धमकाने, गालियां देने व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है. बताया जा रहा है कि खान ने पहले भी उसकी स्कूल द्वारा भेजे गए प्रत्याशियों को पास करके लाइसेंस दिए जाने का दबाव डाला था।

महायुति के मंत्रियों ने किया स्मृति भवन का दौरा

सीएम-डिप्टी सीएम की उपस्थिति में बुध्दिजीवी वर्ग भी रहा शामिल

नागपुर। शीतसत्र के दौरान महायुती के विधायक और मंत्रियों ने आज रेशीमबाग स्थित स्मृति भवन का दौरा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे, लेकिन उपमुख्यमंत्री अजित पवार इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

स्मृती भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में महायुती के विभिन्न वरिष्ठ नेताओं के अलावा बौद्धिक वर्ग के प्रमुख सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के योगदान को याद किया और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और स्मृती भवन को समर्पित किए गए महान नेताओं की स्मृति को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। हालांकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने को लेकर सवाल उठे, क्योंकि उनकी उपस्थिति की उम्मीद की जा रही थी।

इस कार्यक्रम के दौरान बौद्धिक वर्ग ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और शांति, समानता और समरसता के संदेश को फैलाने की बात की। स्मृती भवन में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर सियासी हलकों में चर्चा जारी रही, खासकर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अनुपस्थिति को लेकर राजनीतिक विश्लेषक इसे एक अहम घटनाक्रम मान रहे हैं।

घर से 14 लाख के गहने और नकदी चोरी

नागपुर। लकड़गंज के जुना मोटर स्टैंड चौक परिसर में चोरों ने एक केबल व्यवसायी के घर से 14 लाख रुपये कीमत के गहनों और नकदी पर हाथ साफ कर लिया। यह घटना बुधवार रात की है, जब व्यवसायी राजेश जैन परिवार के साथ अपने भाई की शादी की सालगिरह के लिए भंडारा के एक फार्म हाउस गए हुए थे।

राजेश जैन के घर के निचले हिस्से में उनके माता-पिता रहते हैं। चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और आलमारी से 9 लाख रुपये की नकदी और 5 लाख रुपये मूल्य के गहनों की चोरी कर ली। सुबह जब पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा, तो उन्होंने इसकी सूचना राजेश जैन को दी। जैसे ही जैन परिवार घर पहुंचे, उन्होंने लकड़गंज पुलिस को घटना की जानकारी दी।

पुलिस जांच में पाया गया कि चोरों ने केवल नकदी और गहनों की आलमारी को खोला था, जबकि अन्य सामान को बिना छेड़े छोड़ दिया। चूंकि यह आलमारी जैन की मां के पास थी, यह संदेह जताया जा रहा है कि चोरी किसी जान-पहचान वाले व्यक्ति द्वारा की गई हो सकती है।

पुलिस को परिसर के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश की जा रही है।

लकड़गंज पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है, और लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

एआईएमआईएम का विधान भवन पर हल्लाबोल

नागपुर।

एआईएमआईएम पार्टी की और से गुरुवार को नामुशे रिसालत और दिगर मजहब के महामानव के खिलाफ बोलने वालों पर सख्त कानुन बने और बीडीपेठ ताजआबाद शरीफ स्लम अंतर्गत झोपडपट्टी वासियों को झोपडपट्टी नियमितीकरण करके लिज पट्टे वाटप जैसे मुद्दों को लेकर नागपुर विधान भवन पर भव्य मोर्चा निकाला गया।

ज्ञात रहे पिछले दो सालों से लगातार ताजआबाद स्लम झोपडपट्टी को मालिकाना अधिकार महाराष्ट्र राज्य सरकार व्दारा मिलने को लेकर भव्य मोर्चा निकाला गया था। इसके चलते सरकार ने एक विज्ञापन जारी कर के कहा था नागपुर शहर के स्लम झोपडपट्टीयो को जमिनी पट्टे वाटप का कार्य युद्ध स्तर किया जाएगा। साथ में यह भी अधिसूचना जारी की कि जमिन चाहे ट्रस्ट की मिलकियत हो या संस्था की या किसी मालकी की. अगर उस जमिन पर बस्तीया बसी है। जमीन पर स्लम कोड नमुद है। ऐसी जमीन जगह पर भारतीय संविधान के अनुसार झोपडपट्टी वासियों को लीज पट्टे करके दिया जाएगा। इसके वावजुद नागपुर महानगरपालिका स्लम विभाग कार्यालय. तर्फे ताजआबाद झोपडपट्टी नियमितीकरण करके भाडे पट्टे सर्वे का कार्य आज तक शुरू नहीं किया। इस मुद्दे को लेकर आज झोपडपट्टी निवासी नागरिकों का भव्य मोर्चा विधान भवन पर निकाला गया।

झोपडपट्टी नियमित और भाडे पट्टे वितरण के लिए मोर्चे का नेतृत्व करते हुए विधायक मुफ्ती इस्माइल काशमी ने विस्तारपूर्वक झोपडपट्टी संबंधित जानकारी व पत्र विधानसभा के समक्ष रखकर मंत्री को अवगत कराया। इसके फलस्वरूप आश्वासन दिया गया की जल्द से जल्द ताजआबाद झोपडपट्टी विषय को हल किया जाएगा। इस समय विधानभवन में नेता शकील पटेल, इसहाक मन्सुरी, सोहेल खान, कलिम मिरकाशिम, खादिम अमीन ताजी, निसार ताजी, अध्यक्ष जावेद अख्तर, वकार अंसारी प्रमुखता से उपस्थित थे।

कोंढाली डाक बंगला बना भूत-बंगला

> संपूर्ण सामग्री चोरी, लोक निर्माण विभाग की अनदेखी

कोंढाली.

नागपुर-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग (06/53) पर स्थित कोंढाली का ऐतिहासिक डाकबंगला पिछले 11 वर्षों से बंद पड़ा है। इस उपेक्षा के कारण यह डाकबंगला अब भूत बंगले में तब्दील हो चुका है। इसकी हालत दयनीय है, और यहां की सभी सामग्री जैसे बिस्तर, गद्दे, सोफे, और अन्य आवश्यक सामान चोरी हो चुके हैं।

1914 के पूर्व ब्रिटिश शासन के दौरान कोंढाली में यह विश्राम गृह बनाया गया था। लगभग ढाई एकड़ क्षेत्र में फैला यह डाकबंगला उस समय नेताओं और अधिकारियों का मुख्य ठहराव स्थल हुआ करता था। पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, शरद पवार, वसंतराव नाईक, सुधाकर नाइक जैसे प्रमुख नेता यहां ठहरे हैं।

डाक बंगले की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यहां बिजली, पानी की आपूर्ति भी ठप है। 2013 में गृह मंत्री अनिल देशमुख ने इसके जीर्णोद्धार का प्रस्ताव दिया था, लेकिन 2014 के बाद इसकी मरम्मत बंद हो गई। इसके बाद से यहां की सामग्री चोरी होने पर भी लोक निर्माण विभाग ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई।

विश्राम गृह का प्रबंधन लोक निर्माण विभाग के अधीन है, लेकिन विभाग के अधिकारी न तो इस ओर ध्यान दे रहे हैं और न ही यहां खानसामा या अन्य कर्मियों की नियुक्ति हो रही है।

कोंढाली के नागरिकों ने इस डाक बंगले को पुनः सुसज्जित करने की मांग की है।

नरेश सिंह सेंगर, बालकिशन पालीवाल, बबलू बिसेन जैसे स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कर इसे उपयोगी बनाया जाए।

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता ई.ई. गौरी ने कहा कि कर्मियों की भर्ती फिलहाल बंद है, लेकिन डाक बंगले को सुसज्जित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

- विश्राम गृह की वर्तमान स्थिति पर मुख्य बिंदु
- 1914 में ब्रिटिश काल में निर्माण।
- 2012 तक सभी सरकारी बैठक यहीं होती थीं।
- 2014 के बाद से बंद।
- सामग्री चोरी, बिजली-पानी की आपूर्ति ठप।
- जीर्णोद्धार के लिए नागरिकों द्वारा मांग।
- आशा है कि लोक निर्माण विभाग इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने की दिशा में जल्द कदम उठाएगा।

प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर छात्रों को नाम रोशन करना चाहिए: चनकापुरे

कामठी.

प्रतिस्पर्धा के युग में, छात्रों को अपना और स्कूल का नाम रोशन करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए. यह बात उन्होंने यहां केंद्रीय स्तरीय स्कूली खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मार्गदर्शन करते हुए व्यक्त की. केंद्रीय स्तरीय शालेय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उद्घाटन कामठी पंचायत समिति की सभापति दीक्षा चनकापुरे ने मां सरस्वती एवं क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर, क्रीड़ा गुणों की पूजा एवं खिलाड़ियों से परिचय कर किया.इस मौके पर पंचायत समिति के उपसभापति दिलीप वंजारी, सदस्य सुमेध रंगारी, येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी, पत्रकार सुदाम राखड़े, केंद्र प्रमुख प्रमिला तिडके, प्राचार्य संजय दुर्गे उपस्थित थे. खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथियों ने मार्गदर्शन किया. येरखेड़ा केंद्र स्तरीय विद्यालयी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा इसके लिए कबड्डी, खो-खो, लंगड़ी, लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, एकल नृत्य, समूह नृत्य, गीत गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं. कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रमुख प्रमिला तिडके ने की एवं जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय, अजनी की प्राचार्या शुभांगी सावरकर प्रस्तावना और जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय, येरखेड़ा के प्राचार्य संजय दुर्गे ने आभार प्रदर्शन व्यक्त किया.खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अनिल राख, प्रशांत मेश्राम, संगीता अवसरे, श्वेता समरीत, राजेश बले, राकेश मांडवकर, शरयू ठाकरे, रवि गीते, शुभांगी सावरकर, मनीष पोराटे आदि कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

रास्ते से 12 मीटर के भीतर मेट्रो स्टेशन बनाने की मांग

कामठी.

रणाला, येरखेड़ा, खैरी के शिवपांधन रोड पर बुद्धभूमि के समीप मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू है. यह मेट्रो स्टेशन रणाला गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है. उपरोक्त मेट्रो रेलवे स्टेशन स्टेशन बिल्डिंग निर्माण कार्य रास्ते से चिपका कर बनाने की जानकारी रणाला ग्राम पंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे को प्राप्त होने पर उन्होंने मेट्रो रेलवे साइट पर कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर एक ज्ञापन सौंपकर मांग की है।

उक्त मेट्रो रेलवे स्टेशन रास्ते से 12 मीटर के भीतर निर्माण किया जाना चाहिए. संबंधित अधिकारियों ने सरपंच पंकज साबरे के प्रस्ताव को उच्चाधिकारियों फाइनल मंजूरी के लिए भिजवाने का आश्वासन दिया।

यूथ फाउंडेशन का रैली से हुआ शुभारंभ

उमरेड.

उमरेड यूथ फाउंडेशन के युवा महोत्सव 2024 का उद्घाटन स्वच्छता जनजागृति रैली से उमरेड यूथ फाउंडेशन, उमरेड नगर परिषद, ओम साईं स्पोर्टिंग क्लब तथा जगदंबा स्पोर्टिंग क्लब उमरेड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया.

रैली का शुभारंभ जीवन विकास विद्यालय चौक से हुआ. रैली को जीवन विकास विद्यालय के मुख्याध्यापक सीबी कंस्ट्रक्शन संचालक चेतन भरने, उमरेड नगर परिषद सिटी कोऑर्डिनेटर येरिका ताजने, उमरेड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक अनिल कुमार गोविंदानी, संयोजक सचिन कुहीकर, अध्यक्ष दीपक पटले, सचिव गौरव रहाटे, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चिंदमवार, संजय मौदेकर, उमरेड शहर के विविध स्कूलों की कबड्डी टीम, संस्था पदाधिकारी, सदस्यों ने हिस्सा लिया. रैली का समापन स्व.आ.ला. वाघमारे प्राइमरी स्कूल के पास ग्राउंड पर हुआ. जहां अंतरशालेय युवा कबड्डी लीग स्पर्धा स्थल में मेरी वसुंधरा स्वच्छता की शपथ येरिका ताजने ने दिलाई. रैली के सफलतार्थ विजय जैस्वानी, विश्वास लाडेकर, दिनेश ढेबुदास, विजय रामटेककर, उज्वल चिंदमवार, रितेश राऊत, स्वप्निल गवली, संजय चाचरकर, किशोर आदमने, सतीश चकोले, श्रीकांत बोरकर, प्रांजल डहाके, सौरभ भिवगड़े, शुभम सिर्सिकर, मुकेश गौतम, प्रवीण लाडेकर, सुरेश तिवाडे, हितेश गडबोडिकर आदि ने सहयोग किया.

आशीष जायसवाल के मंत्री बनने पर शिवसेना का जुलूस

कन्हान.

रामटेक क्षेत्र के नवनियुक्त निर्वाचित विधायक आशीष जायसवाल के राज्य मंत्री बनने के बाद शहर में जश्न जुलूस का आयोजन किया गया. फूलों की वर्षा करते हुए आतिशबाजी कर नृत्य के साथ जगह-जगह नागरिकों तथा कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक से तारसा रोड तक डीजे बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी वह गुलाल लगवा कर पुष्प मालाओं से उनका सत्कार किया. संबोधित भाषण में कन्हान तथा रामटेक क्षेत्र के विकास करने का नवनियुक्त निर्वाचित व राज्यमंत्री विधायक आशीष जायसवाल ने संकल्प लिया तथा नागरिकों की समस्या पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही. जुलूस में शिवसेना के जिला उप प्रमुख वर्धराजन पिल्ले, कोयला खदान एसएमएस यूनियन के अध्यक्ष शिवकुमार यादव, शिवसेना महिला अध्यक्ष मनीषा चिखले, शहर अध्यक्ष गज्जू गोरले, डेनियल शेंडे, दीपचंद शेंडे, राजू सेंदें, सुनील लाडेकर, शुभांगी गोखले, विमल खडसे आदि अनेक संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे.



पत्रकारिता में दक्षता बढ़ाने के लिए एआई को समझना आवश्यक: सिंह

नागपुर.

पत्रकारिता को अधिक सक्षम और 'रियल टाइम' बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कहना है सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रधान सचिव एवं महानिदेशक ब्रिजेश सिंह का। वे नागपुर प्रेस क्लब और सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय के नागपुर कार्यालय द्वारा आयोजित 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन जर्नलिज्म' विषय पर विशेष व्याख्यान में बोल रहे थे।

सिंह ने कहा कि एआई ने मीडिया कर्मियों को अधिक कुशल बनने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा, "मातृभाषा में ज्ञान प्राप्ति की जो सीमाएं थीं, वे अब एआई के माध्यम से दूर हो रही हैं।" उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एआई से प्राप्त जानकारी की जांच-पड़ताल और नैतिक दृष्टिकोण से समीक्षा करना आवश्यक है।

उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे इस तकनीक को समझें और इसका उपयोग अपने काम में दक्षता बढ़ाने के लिए करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्य सूचना आयुक्त राहुल पांडे ने की। उन्होंने भारतीय परिप्रेक्ष्य में एआई विकसित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि एआई का उपयोग भारतीय भाषाओं और स्थानीय जरूरतों के हिसाब से होना चाहिए।

इस अवसर पर नागपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप मैत्र, क्षेत्रीय संचालक डॉ. गणेश मुले, सूचना संचालक किशोर गांगुर्डे और दयानंद कांबळे उपस्थित थे। कार्यक्रम में एआई के उपयोग, उसके लाभ और चुनौतियों पर गहन चर्चा हुई।

ईवीएम के खिलाफ वंचित बहुजन आघाड़ी का हस्ताक्षर आंदोलन

कामठी.

वंचित बहुजन आघाड़ी द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत में ईवीएम ने बड़ी भूमिका निभाई. इसलिए ज्यादातर विरोधी ईवीएम पर चुनाव कराने के खिलाफ हैं, जिनमें से विधानसभा चुनाव लड़ने वाली वंचित बहुजन अघाड़ी ने भी ईवीएम का विरोध किया है. वंचित बहुजन अघाड़ी ने ईवीएम के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है. इसी के तहत पिछले दिनों कामठी के गौतम नगर छावनी में ईवीएम के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. इस हस्ताक्षर अभियान में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर वंचित बहुजन अघाड़ी के नागपुर जिला महासचिव प्रशांत नगरकर,कल्याण अड़कणे, कामठी शहर अध्यक्ष दीपक वासनिक, अविनाश गजभिये, यशवन्त शेंडे, भाऊराव मेश्राम एवं अन्य उपस्थित थे।

अंजुमन कॉलेज की छात्राओं का चयन

नागपुर.

अंजुमन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, सदर, नागपुर की छात्राएं सुश्री ऋषिका निरंजने और सुश्री अलीना अंसारी का चयन दक्षिण पश्चिम जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे (महिला) चैंपियनशिप के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता बी.एस. अब्दुर रहमान क्रिसेंट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई में 6 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी।

सुश्री ऋषिका निरंजने (बी. टेक. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, तृतीय सेमेस्टर) अलीना अंसारी (बी. टेक. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस, तृतीय सेमेस्टर) ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय की कराटे महिला टीम के लिए "टीम काटा" इवेंट में हिस्सा लेंगी। इस उपलब्धि पर कॉलेज में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रोफेसर डॉ. जकी उद्दीन सर (प्रिंसिपल, अंजुमन कॉलेज) ने दोनों खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल निदेशक और कोच डॉ. जाकिर एस. खान का फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. एम.एस. खतीब (डीन-शिक्षाविद), डॉ. एम. नसीरुद्दीन (डीन- प्लानिंग), डॉ. तहसीन-उल-हसन (एचओडी- एआई एवं डीएस विभाग), डॉ. रूही उज़्मा (एचओडी- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग) भी उपस्थित रहे। प्रोफेसर डॉ. जकी उद्दीन ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए साउथ वेस्ट जोन चैंपियनशिप में पदक जीतने और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा में 15 से 21 जनवरी 2025 तक होने वाली ऑल इंडिया कराटे इंटर यूनिवर्सिटी (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जताई।

अलग-अलग क्षेत्र से पुलिस ने की अवैध शराब जब्त

गोंदिया.

अलग-अलग क्षेत्र में 16 दिसंबर को पुलिस ने छापा मारकर अवैध शराब को जब्त किया। जिसमे देवरी थानांतर्गत ग्राम खुर्शिपार स्थित गोंडवाना ढाबे में पुलिस ने छापा मारकर कुल 420 रुपए की अवैध देशी शराब जब्त की। जानकारी के अनुसार फरियादी पुलिस हवलदार हविंद्र शिवराम बडोले अपनी पुलिस टीम के साथ उक्त परिसर में पेट्रोलिंग कर रहे थे तब किसी अज्ञात व्यक्ति ने ढाबे में अवैध शराब बिक्री होने की गुप्त जानकारी दी। जिसके आधार पर पुलिस ने ढाबे में पहुंचकर तलाशी ली तो वहां से कुल 420 रुपए की अवैध शराब जब्त की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर देवरी पुलिस ने ढाबा संचालक रविंद्र चंभरू मडावी (33) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस नायक हातझाड़े कर रहे है। इसके अलावा ग्राम टेकाबेदर में आरोपी सुमात्रा बाबुराव नाईक (65) को देशी शराब बेचते हुए पुलिस ने रंगे हाथो पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से कुल 2 हजार 450 रूपए का माल जब्त किया। उसी प्रकार तिरोड़ा थानांतर्गत ग्राम कोयलारी में आरोपी आदर्श राजकुमार बडोले (36) के घर की तलाशी लेने पर पुलिस ने कुल 900 रूपए की अवैध शराब जब्त की। वहीं गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम कुरहाडी में पुलिस ने आरोपी दिनेश तिलकचंद तांडेकर (53) के घर से कुल 5 हजार रूपए कींमत की महुआ फुल की हाथ भट्टी शराब को जब्त किया। फरियादी पुलिस हवलदार राजकुमार पवार की रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक फौजदार राजकुमार पवार कर रहे है।

नायलॉन मांजे पर अदालत सख्त

> बिक्री की रोकथाम पर पूछे सवाल

नागपुर.

बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने नायलॉन मांजा प्रकरण में सू-मोटो जनहित याचिका दायर की है। इस मामले में हुई सुनवाई में कोर्ट ने प्रतिबंधित नायलॉन मांजा की बिक्री के रोकथाम के लिए क्या किया गया? यह सवाल करते हुए विदर्भ के सभी जिले के पुलिस अधीक्षक और पुलिस आयुक्त को जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं.

इस मामले में न्यायालयीन मित्र अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि, नायलॉन मांजे के इस्तेमाल, उत्पादन, बिक्री, भंडारण पर राज्य सरकार के पर्यावरण विभाग ने स्पष्ट तौर पर बंदी लगाई है। फिर भी खुलेआम बिक्री की जा रही है। शहर में नायलॉन मांजा मिल रहा है, इसका मतलब प्रभावी अमल करने में प्रशासन पूरी तरह असफल रहा। अब इस मामले में बुधवार को हुई सुनवाई में कोर्ट नायलॉन मांजा के बिक्री के रोकथाम को लेकर पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को उक्त आदेश जारी किए। न्यायालय मित्र के तौर पर एड. निश्चय जाधव ने पैरवी की। कोर्ट ने इस मामले में क्रिसमस छुट्टियों बाद सुनवाई रखी है। कोर्ट ने नायलॉन मांजा के उत्पाद को सीमित किया जा सकता है क्या? यह सवाल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से करते हुए जवाब मांगा था। बीआईएस ने कोर्ट में शपथ-पत्र दाखिल करते हुए बताया कि, नायलॉन मांजा के उत्पाद पर कोई भारतीय मानक नहीं है और इस वजह से, यह बीआईएस उत्पाद प्रमाणन के दायरे में नहीं आता है। इसके अलावा भारत सरकार के किसी भी मंत्रालय या नियामक द्वारा इस उत्पाद के लिए अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन की आवश्यकता के बारे में कोई गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी नहीं किया गया है।

नायलॉन मांजा के बंदी पर प्रभावी अमल न होने पर कोर्ट ने सरकार को जमकर फटकार लगाई थी। तब आर्थिक विभाग के पुलिस उपायुक्त कोर्ट में हाजिर होकर बताया था कि, नागपुर और पूरे महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा नायलॉन मांजा गुजरात और उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से आ रहा है। इस पर कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को आदेश दिया था कि, महाराष्ट्र राज्य के सीमा से लगे हुए बाहरी राज्यों से नायलॉन मांजा न आए, इसलिए उचित कदम उठाए जाएं। साथ ही कोर्ट ने शपथ-पत्र दायर करने के भी आदेश दिए थे, लेकिन सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया। इसलिए अब कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

प्रभाव अत्यंत घातक

याचिका पर न्या. नितीन सांबरे और न्या. वृषाली जोशी के समक्ष सुनवाई हुई। संक्रांति पर नागपुर में जमकर पतंगबाजी होती है, लेकिन इस दौरान पतंग उड़ाने में नायलॉन मांजे के इस्तेमाल से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं। सिर्फ पक्षियों के लिए ही नहीं, मनुष्यों के लिए भी इस मांजे का प्रभाव घातक है। ऐसे ही कुछ घटनाओं में नायलॉन मांजे से गर्दन कटने या फिर वाहन चालकों के साथ दुर्घटनाओं के कई मामले सामने आने पर हाई कोर्ट ने यह सू-मोटो जनहित याचिका दायर की है

राजभाषा कार्यान्वयन सभी की जिम्मेदारी: त्रिपाठी

नागपुर.

सीजीओ परिसर में कार्यक्रम सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, नई दिल्ली के नागपुर स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) में भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में आयकर विभाग नागपुर के उपनिदेशक व भारत सरकार की रा.भा नीति के विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी 'बेबाक' को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला में सभी वर्गों के प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में बताया कि राजभाषा में कामकाज करना सभी का दायित्व है। किसी को भी इससे छूट प्राप्त नहीं है। यह मात्र एक अनुभाग विशेष की जिम्मेदारी नहीं हैं।

हममें से प्रत्येक व्यक्ति जब अपना कार्य हिंदी में करेगा तभी कार्यालय का समग्र कार्यान्वयन उत्कृष्ट होगा।

छात्रों को तकनीकी शिक्षा के बजाय सोने का प्रशिक्षण!

सावनेर.

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सावनेर का एक चौंकाने वाला सच सामने आया है। यहां छात्रों को तकनीकी शिक्षा देने के बजाय, शिक्षक खुद आराम फरमाते हुए सोते नजर आते हैं। यह मामला तब उजागर हुआ, जब छात्रों ने देखा कि एक शिक्षक अपने पीरियड के दौरान क्लासरूम और कार्यशाला में खुलेआम सोते रहते हैं।

आईटीआई सावनेर, जो ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को रोजगार उन्मुख शिक्षा देने के लिए बनाया गया है, का उद्देश्य है छात्रों को कुशल बनाना ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें, निजी कंपनियों में रोजगार पा सकें या सरकारी नौकरियों की तैयारी कर सकें। लेकिन, छात्रों को शिक्षित करने के बजाय, यहां के शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों को दरकिनार कर सरकारी वेतन का दुरुपयोग कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि जब उन्होंने इस मुद्दे को प्राचार्य के समक्ष उठाया तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। प्राचार्य ने इसे यह कहकर टाल दिया कि शिक्षक थकान की वजह से आराम कर रहा होगा या उसकी तबीयत खराब होगी। यह रवैया छात्रों और उनके अभिभावकों में भारी नाराजगी पैदा कर रहा है। शिक्षक की इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत पर कार्रवाई करने के बजाय, प्राचार्य ने उल्टा शिकायत करने वाले छात्रों को डराने-धमकाने का प्रयास किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्राचार्य ने उन्हें कम अंक देने, फेल करने और नौकरी के अवसरों से वंचित करने की धमकी दी।

इस घटनाक्रम से छात्रों और उनके अभिभावकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि ऐसे शिक्षक और प्राचार्य बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं। छात्रों और उनके माता-पिता ने प्रशासन से मांग की है कि इन कामचोर शिक्षकों और उनके समर्थन में खड़े प्राचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

हसनुर कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

खापरखेडा.

पंचायत समिती सावनेर में दिनांक 16 दिसंबर को तहसील स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में हसनुर कॉन्वेंट इंग्लिश हाई स्कूल चनकापूर के कक्षा आठवीं की छात्रा कु. नैतिक चंद्रहास कावळकर और कु. समर्थ जगदीश मोहतकर ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है. इनके साथ, अलग- अलग स्कूल के छात्रों ने भी उसमें भाग लिया था. शाला के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों एवं माता पिता ने इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया.

शुभांक		
श्रीदेवी	688-2	390-2
श्रीदेवी नाईट	169-6	350-8
प्रभात	257-4	127-0
प्रभात नाईट	577-9	-
डायमंड	130-4	148-3
मेन बाजार	125-8	-
मिलन डे	380-1	134-8
मेन रतन	360-9	110-2
कल्याण	379-9	226-0
राजधानी डे	124-7	240-6
राजधानी नाईट	115-7	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	348-5	569-0

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

ईश्वरदास नत्थरमल चंदिरामानी

नागपुर के ईश्वरदास नत्थरमल चंदिरामानी का 19 दिसंबर को निधन हो गया. वह 77 साल के थे.

मुख्यालय में निवास का आदेश तार-तार

> शासकीय कामकाज प्रभावित
> अप-डाउन के चलते अधिकारी अनुपस्थिति से नागरिक परेशान

सालेकसा.

सरकारी कर्मचारियों द्वारा मुख्यालय में निवास करने संबंधी आदेश की धज्जियां उड़ाने व गलत दस्तावेजों की आड़ में शासन को गलत जानकारी देते हुए शासकीय निधि का दुरुपयोग करने तथा इन कर्मचारियों के प्रतिदिन अन्य शहरों से आवागमन करने से कार्यालयों में उनकी अनुपस्थिति के कारण नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. तहसील के सभी विभागों के कर्मचारी तथा अधिकारी, शिक्षक, प्राध्यापक, ग्रामसेवक, पटवारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, कर्मचारी, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक, कृषि सहायक आदि मुख्यालय में न रहते हुए हर दिन रेलवे, एसटी बस या मोटरसाइकिल से आना-जाना करते है.

सुविधा के लिए जाली-प्रमाणपत्रों की सहायता

तहसील के सभी विभागों के कर्मचारियों को अपने मुख्यालयों में रहना अति आवश्यक हो गया है. नक्सल प्रभावित भागों में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों को शासन की ओर से मुख्यालय में निवास करने संबंधी आदेश है. मुख्यालय में निवास करने के नाम पर मकान किराया और नक्सल भत्ते की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की जाती है. लेकिन कर्मचारी इस सुविधा का लाभ लेने के लिए जाली प्रमाणपत्रों की सहायता से स्वयं को मुख्यालय का ही निवासी बता रहे हैं. है. सूत्रों सूत्रों का कहना है। कि वरिष्ठ अधिकारियों से मिलीभगत के कारण अब तक किसी भी कर्मचारी पर कार्यवाही नहीं होने के कारण यह क्रम निरंतर जारी है. जिससे ऐसे लेटलतीफी का वेतन रोकने का आग्रह किया गया है.

अप-डाउन करने से उनके आने का समय निश्चित नहीं रहता है. वैसे ही कार्यालयों से शाम 4.40 बजे गोंदिया की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से 10 प्रतिशत कर्मचारी कार्यालय से समय से पूर्व ही चले जाते है. शिक्षक समय पर शाला नहीं पहुंचते और जल्द ही शाला से निकल जाते है. अप-डाउन से उनकी कार्यप्रणाली को लेकर रोष बढ़ रहा है.

जो शिक्षक अप डाउन करता है, वह अपने विद्यार्थियों को किस प्रकार अध्यापन करता है यह समझ से परे हैं. पटवारी और कृषि सहायक अपने कार्यालयों में उपस्थित नहीं रहते. किसानों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए इनके पीछे कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ता है. सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर तथा अन्य कर्मचारी नहीं मिलने से मरीजों के हाल पर छोड़ा जाता है.

जरूरतमंद मरीजों को नारायण सेवा मित्र परिवार ने बांटे मुफ्त कंबल

हिंगनघाट. नारायण सेवा मित्र परिवार द्वारा नारायण सेवा आरोग्य धाम उपक्रम के तहत उपजिला रुग्णालय में जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क कंबल वितरित किए गए। उपजिला रुग्णालय में कई गरीब और जरूरतमंद मरीज अपना इलाज करवा रहे हैं। सर्दी के मौसम में गिरते तापमान को देखते हुए इन मरीजों को ठंड से राहत देने के लिए कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में नारायण सेवा मित्र परिवार के प्रमुख सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। इनमें महेश अग्रवाल, डॉ. मधुसूदन गोयनका, संतोष राजपुरिया, प्रा. संदीप रेवतकर, डॉ. गुर्जर, महेश दीक्षित, लक्ष्मण डहाके, अरुण पंडित, प्रा. किरण वैद्य, पराग मुडे, विपिन खींवसरा, रमेश रानपरा, यशवंत गढ़वार, लक्ष्मीकांत मेंढे, एड. विशाल खींवसरा, दुर्गा प्रसाद यादव, रामचंद्र खड़गी, सुनिल अलोणी, लतिका बेलेकर, किरण अग्रवाल, वीरश्री मुड़े, अनुराधा मोटवानी, शुभांगी वैद्य, नंदिनी जवादे, अलका रानपरा, हेमलता कोसुरकर, भाग्यश्री खियानी और विद्या लोणारे सहित अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितों ने जरूरतमंद मरीजों के प्रति सेवा और सहयोग की भावना प्रकट की। इस पहल की नगर में सराहना हो रही है।

एमडी पाउडर के साथ आरोपी गिरफ्तार

> 5 लाख से अधिक का माल जब्त

वर्धा.

स्थानीय अपराध शाखा ने 17 दिसंबर को नंदगांव चौक की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर नाकाबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नरेश हेमंत निकम (उम्र 34 वर्ष), निवासी पिंपलगांव रोड, यवतमाल, के रूप में हुई है।

पुलिस ने नरेश को उस समय पकड़ा जब वह अवैध रूप से एमडी (मेफेड्रान) पाउडर का परिवहन कर रहा था। आरोपी के पास से कुल 5,10,600 रुपये का मुद्देमाल जब्त किया गया, जिसमें एमडी पाउडर और एक चार पहिया वाहन शामिल है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े और पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी के मार्गदर्शन में की गई। इस ऑपरेशन में पुलिस निरीक्षक मनोज गभाने, उपनिरीक्षक बालाजी लालपालवाले, और पुलिस कर्मियों की एक टीम शामिल थी, जिनमें मनोज धात्रक, हमीद शेख, अरविंद येनुरकर, श्रीकांत खडसे, राजेश तिवस्कर, गोविंद मुंडे, उदय सोलंकी और रितेश गेटमे शामिल हैं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

पुलिस विभाग के श्वान लुसी ने रजत एवं जैक ने जीता कांस्य पदक

> पुणे में आयोजित 19वें पुलिस कर्तव्य मेला 2024 में पाई सफलता

गोंदिया. पुलिस महासंचालक रश्मि शुक्ला, अपराध अन्वेषण विभाग के अपर पुलिस महासंचालक प्रशांत बुरडे एवं पुलिस अधीक्षक पल्लवी बर्गे के मार्गदर्शन में 7 से 12 दिसंबर के दौरान राज्य आरक्षित पुलिस बल गट रामटेकड़ी पुणे में 19वां पुलिस कर्तव्य मेला 2024 आयोजित किया गया था। इस मेले में महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरोली, नागपुर, अमरावती, संभाजीनगर, कोल्हापुर, मुंबई, पुणे, ठाणे परिक्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले जिलों ने विविध स्पर्धाओं में भाग लिया। जिसमें प्रमुखता से पुलिस बल में कार्यरत श्वानों की विविध स्पर्धा आयोजित की गई थी।

जिसमें राज्य के 20 जिलों के श्वान शामिल हुए थे। इसमें गोंदिया जिला पुलिस दल में कार्यरत पुलिस पथक गोंदिया के श्वान लुसी एवं जैक भी शामिल हुए थे। इस आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्वान लुसी ने रजत एवं जैक ने कांस्य पदक प्राप्त कर गोंदिया जिला पुलिस बल का गौरव बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, पुलिस उपअधीक्षक (मुख्यालय) नंदिनी चानपुरकर ने श्वान पथक गोंदिया के प्रभारी अधिकारी पुलिस उपनिरीक्षक सतीश सिरीया, श्वान लुसी के प्रभारी पुलिस हवलदार विजय ठाकरे एवं श्वान जैक के प्रभारी पुलिस हवलदार रॉबिनसन साठे का अभिनंदन किया है।

मंत्रिमंडल में तो नहीं मिला स्थान, क्या अब महामंडलों में मिलेगी जगह?

गोंदिया.

राज्य की महायुति सरकार के 39 मंत्रियों का नागपुर के राजभवन में 15 दिसंबर की शाम शपथ ग्रहण हो गया। इसमें गोंदिया के साथ ही भंडारा एवं चंद्रपुर जैसे धान उत्पादक जिले के किसी भी विधायक को स्थान नहीं मिला। गोंदिया से राकांपा के राजकुमार बडोले एवं भाजपा की ओर से विनोद अग्रवाल अथवा विजय रहांगडाले को स्थान दिए जाने की उम्मीद थी। लेकिन किसी को भी मंत्रिमंडल में समाविष्ट नहीं किए जाने के कारण जिला वासियों को निराशा हुई है। अब जिले के वरिष्ठ विधायकों को किसी महामंडल का अध्यक्ष पद दिया जाएगा या फिर ढाई वर्ष के बाद मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा? यह चर्चा अब शुरू हो गई है। गोंदिया जिले से भाजपा के विजय रहांगडाले एवं राकांपा के राजकुमार बडोले तीन बार विधानसभा के लिए चुने गए है।

बडोले को इससे पहले भी कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य करने का अनुभव है। अब इन विधायकों को मंत्रिमंडल में समाविष्ट नहीं किए जाने के बाद क्या उन्हें किसी महामंडल में जगह दी जाएगी। अथवा पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसकी ओर सबकी नजरे लगी हुई है। कौन बनेगा पालकमंत्री : गोंदिया के साथ ही समीप के भंडारा अथवा गडचिरोली, चंद्रपुर जिलो को भी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने के कारण गोंदिया जिले का पालकमंत्री कौन होगा? इसकी उत्सुकता राजनीतिक कार्यकर्ताओं से लेकर सामान्य नागरिकों में भी बनी हुई है। लेकिन गोंदिया जिले के महत्व को देखते हुए किसी अनुभव एवं दबंग जिले का पालकमंत्री बनाए जाने की संभावना है और यह भी तय है कि जिले का पालकमंत्री राकांपा कोटे से ही होगा, ताकि सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले का विकास तीव्र गति से हो सके।

मामूली बात को लेकर युवक पर चाकू से प्रहार

गोंदिया.

आमगांव थानांतर्गत ग्राम कामठा चौक में आरोपी अजय रहु बरया (37) ने मामूली बात को लेकर संत गाडगे बाबा नगर निवासी फरियादी शशिकांत कोदूलाल उइके (37) के पीठ पर चाकू से प्रहार कर दिया। जिसमें वह जख्मी हो गया। यह घटना 15 दिसंबर को घटी।

फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर आमगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1), 352 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार कुंभरे कर रहे है।

मामा तालाब में सैकड़ों मछलियां मृत अवस्था में पाई गई

गोंदिया.

सड़क अर्जुनी तहसील के ग्राम मालीजुंगा में एक मामा तालाब सैकडों मछलियां मृत अवस्था में पाए जाने की घटना प्रकाश में आई है। इतनी बड़ी संख्या में मछलियों की मृत्यु अचानक कैसे हुई? यह बात अब तक स्पष्ट नहीं हुई है। मालीजुंगा का तालाब 311 एकड़ में फैला हुआ है एवं यहां बड़ी संख्या मछली पालन किया जाता है। अचानक इतनी बड़ी संख्या में मछलियों के मृत अवस्था में दिखाई पड़ने से अनेक प्रकार की चर्चाए चल रही है।

मृत मछलियों के कारण आस-पास के परिसर में दुर्गंध फैल गई है। इस तालाब का मत्स्य पालन के लिए निलाम किया गया था या नहीं? इस विषय में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। मृत मछलियों का वजन 1 से 10 किलो तक का बताया जा रहा है, जो तालाब के किनारे फैली हुई दिखाई पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस प्रकरण की जांच किए जाने की मांग की है।

खिलौना गले में फंसा, बालक की हुई मौत

गोंदिया. गंगाझरी पुलिस थानांतर्गत आनेवाले सोनेगांव में खाद्य पदार्थ के पैकेट में आनेवाला खिलौना गले में फंस जाने से बालक की मौत होने की घटना 16 दिसंबर को दोपहर के दौरान घटित हुई। मृतक का नाम सोनेगांव निवासी शिवांश उमेश लांजेवार (8) बताया गया है। इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है।

बता दें कि गोंदिया जिले में बड़े पैमाने पर स्थानिक व्यापारियों द्वारा बच्चों को लुभाने के लिए खाद्यपदार्थ बनाए जा रहे हैं। जिनके पैकेटों में खिलौने भी डाले जाते हैं। गांवों में इन खाद्य पदार्थों की मांग अधिक रहती है। यह खाद्य पदार्थ आसानी से किराना दुकानों में उपलब्ध होते हैं। बच्चों के पास रुपए आते ही वे किराना दुकानों की ओर खाद्य पदार्थों से भरे पैकेटों को लेने के लिए चले जाते हैं। अधिकांश बच्चे उन खाद्य पदार्थों को लेना पसंद करते हैं, जिनमें खिलौने होते हैं। लेकिन खुशी देनेवाले खिलौने ने एक परिवार पर दुखों का पहाड़ ला दिया। सोनेगांव निवासी कक्षा दूसरी में अध्ययनरत शिवांश उमेश लांजेवार ने खाद्य पदार्थ का एक पैकेट लिया। उस पैकेट में उसे एक खिलौना भी मिला। उसने खाद्य पदार्थ तो खा लिया, लेकिन खेलते-खेलते पैकेट में रखे प्लास्टिक के खिलौने को भी वह निगल गया। लेकिन वह खिलौना शिवांश के गले में ही अटका रह गया। घरवाले कुछ समझ पाते, तब तक बच्चे की मृत्यु हो गई थी। इस घटना से सोनेगांव में शोक की लहर फैली हुई है।

सोमनाथ सूर्यवंशी मौत मामले पर मौन जुलूस पहुंचा जिलाधिकारी कार्यालय

वाशिम.

परभणी में संविधान की प्रतीकात्मक प्रतिकृति की तोड़फोड़ के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर गिरफ्तार किए गए सोमनाथ सूर्यवंशी की हिरासत में मौत हो गई. इस घटना का पुरजोर विरोध करते हुए आज वाशिम में आंबेडकरवादी सामाजिक व राजनीतिक संगठनों और संविधान प्रेमी नागरिकों की ओर से मौन जुलूस निकाला गया. शहर के डॉ. बाबासाहब आंबेडकर पुतले से सामने से मार्च की शुरुआत बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर हुई. इसमें सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया और शांतिपूर्ण तरीके से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च किया. इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ सामाजिक एवं राजनीतिक नेता गोपाल अटोटे (गुरुजी) भाई गोवर्धन चोथमल, सामाजिक कार्यकर्ता प्रतिभा सोनोने, वैशाली मेश्राम, पीरिपा जिला अध्यक्ष दौलत हिवराले, रिपाई जिला अध्यक्ष तेज वानखेड़े, भीम शक्ति के दिलीप भोजराज, वरिष्ठ कवि अनिल कांबले, राजकुमार पडघन के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों को एक ज्ञापन दिया गया, जिसमें सोमनाथ सूर्यवंशी उनकी मौत की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई.

तिरोड़ा पुलिस ने दो चाय की दुकान में मारा छापा

गोंदिया. तिरोड़ा थानांतर्गत ग्राम मुंडीकोटा के पास पुलिस ने जमनानगर निवासी आरोपी धनराज उदल अटराये (58) की चाय दुकान में छापा मारकर कुल 470 रूपए का माल जब्त किया। जिसमें जी.एम. कंपनी की ठवकर तंबाकू, ब्रिस्टॉल सिगरेट, मनोहर बीड़ी का समावेश है। यह कार्रवाई 16 दिसंबर को की गई। फरियादी पुलिस सिपाही प्रवण तिवारी की रिपोर्ट पर तिरोड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार बांते कर रहे है। दुसरी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी आसिफ अजिज अगवान (34) की चाय दुकान से कुल 350 रुपए का माल जब्त किया। जिसमें श्री.जी.एम.कंपनी की ठवकर तंबाकू, ब्रिस्टॉल सिगरेट, मानव बिडी का समावेश है।

दो घटनाओं में पत्थर और लाठी से प्रहार

गोंदिया.

जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में मामूली बात को लेकर पत्थर और लाठी से प्रहार करने की घटनाएं सामने आई है। जिसमें पहली घटना शहर थानांतर्गत दुर्गा चौक मुर्री की बताई गई है। इस घटना में नाली का निर्माण कार्य सही तरीके से नहीं करने की बात को लेकर राजा भोज चौक मुर्री निवासी आरोपी दिलीप हीरालाल पालांदूरकर (50) ने नंगपुरा निवासी फरियादी ओमप्रकाश हगरू लाल पारधी (36) के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इतना ही नहीं तो आरोपी ने फरियादी के हाथ पर पत्थर से प्रहार कर दिया। जिसमें वह जख्मी हो गया। यह घटना 16 दिसंबर को घटी। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक गेडाम कर रहे है। दूसरी घटना आमगांव थानांतर्गत मोहनटोला की बताई गई है। इस घटना में फरियादी अशोक धोंडु लिल्हारे (56) की गाय आरोपी तेजलाल बाबू लिल्हारे (60) के आंगन में चली गई। इस बात को लेकर आरोपी ने उसके साथ विवाद किया और लाठी से उसके हाथ पर प्रहार कर दिया। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर आमगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1), 352 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार उइके कर रहे है।

सट्टा पट्टी लेते आरोपी को पुलिस ने दबोचा

गोंदिया.

गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम कुरहाड़ी में पुलिस ने ग्राम चुटिया निवासी आरोपी जितेंद्र देवसिंग रणदिवे (30) को सट्टा पट्टी लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी लोगों से पैसे जमा कर हार-जीत का जुआ खिला रहा था। पुलिस ने उसके पास से कुल 11 हजार 235 रुपए का माल जब्त किया है।

जिसमें 10 हजार रुपए का एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन, नगदी 1 हजार 230 रुपए के साथ ही डॉट पेन का समावेश है। यह कार्रवाई 16 दिसंबर को की गई।

पुलिस हवलदार नेवालाल भेलावे की रिपोर्ट पर गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक फौजदार पवार कर रहे है।

गोवंश को तस्करों के चंगुल से कराया मुक्त

> सालेकसा पुलिस ने लाखों का माल किया जब्त

गोंदिया.

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से गौवंश को बूचड़खाने ले जाने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस से बचते बचाते चौपहिया वाहनों के जरीये गोवंश तस्कर रात के अंधेरे में गोवंश का अवैध परिवहन कर उन्हें बूचड़खाने ले जा रहे हैं। सालेकसा पुलिस थानांतर्गत कवड़ी गांव में बजरंग दल के गौरक्षकों ने दो पिकअप वाहनों में ठूस-ठूसकर निर्दयतापूर्वक भरे गए गोवंश को तस्करों के चंगुल मुक्त कराया है। इसके बाद सालेकसा पुलिस को संपूर्ण मामले की जानकारी दी गई और पुलिस ने कार्रवाई शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सालेकसा पुलिस थानांतर्गत कवड़ी गांव गोवंश तस्करी का गढ़ बन गया है। 15 दिसंबर 2024 की देर रात लगभग 1.30 बजे के आसपास बजरंग दल कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली कि कवड़ी के जंगल परिसर में दो पिकअप वाहनों में गोवंश को ठूस-ठूसकर भरकर रखा गया है।

जिन्हें बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता अपनी जान जोखिम में डालकर सुनसान जंगल परिसर में गए और पिकअप वाहनों में निर्दयतापूर्वक बंधे गोवंश को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। बताया जा रहा है कि वाहनों में लगभग 70 से 80 गोवंश थे। सालेकसा पुलिस ने तस्करी में उपयोग में लाए गए वाहनों को जब्त किया है। जिनकी कीमत लाखों में बताई गई है। सालेकसा पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच चल रही है।

कुष्ठरोग मुक्ति के लिए शुरू हुआ 'कुसुम' अभियान

> घोनाड़ी पीएचसी ने प्रभातफेरी निकालकर की जनजागृति

गोंदिया.

राष्ट्रीय कुष्ठरोग निर्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की ओर से 16 से 20 दिसंबर 2024 तक कुष्ठ मुक्त सुरक्षित महाराष्ट्र (कुसुम) अभियान शुरु कर दिया गया है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच नियमित सर्वेक्षण अथवा कुष्ठरोग खोज अभियान से जो लोग छूट गए थे, उनके स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

अभियान के तहत हर दिन जिले में जनजागृति कार्यक्रम चलाया जाएगा। अभियान की जनजागृति होने की दृष्टि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोनाड़ी की ओर से प्रभातफेरी निकालकर जनजागृति की गई।

जनजागृति रैली देवरी तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डा. ललित कुकडे, पीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डा. मानकर के मार्गदर्शन में निकाली गई। देवरी तहसील के घोनाड़ी ग्राम अतिदुर्गम होने से कुष्ठरोग तंत्रज्ञ सुषमा पंधरे के सहयोग से स्वास्थ्य वर्धिनी उपकेंद्र चिचगांव अंतर्गत बोरगांव बाजार में जनजागृति की गई। रैली के दौरान स्वास्थ्य सेवक सोनटक्के, स्वास्थ्य सेविका के.टी. मेश्राम, आशा सेविका कोरोंडे, कुष्ठरोग तंत्रज्ञ सुषमा पंधरे, समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी शेलारे सहित आश्रम शाला के विद्यार्थी उपस्थित थे।

रेल सुविधाओं की अनदेखी

> अधिवेशन में विधायक रहांगडाले ने उठाया मुद्दा

तिरोड़ा.

शहर के अस्वल चौक से पंचशील चौक तक का रास्ता रेल विभाग की भूमि से जाने की वजह इसकी मालकियत रेल विभाग की है. तिरोड़ा- खैरलांजी-बालाघाट मार्ग पर मुंबई-हावड़ा रेल लाइन होने से इस मार्ग पर रेल विभाग आरओबी बना रहा है. इस वजह से यह रास्ता शहर से चिरेखनी तक बंद किया गया है. अब इस रास्ते से जाने वाले राहगीरों को जिसमें खासकर चौपहिया वाहन धारकों को अस्वल चौक, पंचशील चौक, पानी टंकी, रामसागर, चिरेखनी जाना पड़ता है. दोनों रास्ते का परिचलन एक ही रास्ते पर आने से रास्ता पूर्णतः जर्जर होने से राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती है. इसलिए यह रास्ता रेल विभाग से बनाने अधिक प्रयास करें. उसी तरह इन दोनों ओर की रेल लाइनों पर आरओबी का कार्य शुरू होने से रास्ता खराब हो चुका है. इसलिए रेल विभाग से ही रास्ता मजबूत बनवाया जाए. कवलेवाड़ा, पुजारीटोला, बिहिरीया, चांदोरी, लाखेगांव, मेंढा, इंदोरा, बोरा आदि गांवों के रास्तों की हालत अत्यंत दयनीय होने से राहगिरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है. इन रास्तों को सार्वजनिक बांधकाम विभाग से बनाने का अथक प्रयास हो. जिससे राहगीरों को राहत मिले.

डिस्प्ले व सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज हो

रेलवे स्टेशन पर डिस्प्ले व पुणे, दिल्ली के लिए सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज हो. रेलवे स्टेशन पर कौन से नंबर की रिजर्व बोगी किस स्थान पर आएंगी इसका सही पता डिसप्ले नहीं रहने से चल नहीं पाता. रिजर्व बोगी में सफर करने वाले यात्री रेलवे कर्मियों को पुछते है. लेकिन इन्हें भी सही जानकारी नहीं होती. आधी अधूरी जानकारी से यात्री भारी परेशानी में आकर इधर-उधर भटकते रहते हैं. इस परेशानी से राहत दिलाने के लिए डिसप्ले की सुविधा दिलावाएं. पुणे जाने के लिए आजाद हिंद एक्सप्रेस व दिल्ली जाने के लिए गोंडवाना एक्सप्रेस यह दोनों ट्रेन सुपरफास्ट है. लेकिन इन दोनों का स्टॉपेज गोंदिया व तुमसर में है. इन ट्रेनों से जाने व आने वाले को इन दो शहर में आना जाना पड़ता है. तहसील के अडानी पावर प्लांट के आने से यहां पर बाहर से आने व जाने वाले का प्रमाण काफी मात्रा में बढ़ गया है. इन दोनों ट्रेनों का स्टॉपेज मिला तो तहसील व आसपास के नागरिकों को काफी राहत महसूस होगी. क्षेत्रवासियों की मांग को विधानसभा सत्र में विधायक विजय रहांगडाले उठाएंगे, ऐसी मांग की जा रही है.

नाली सफाई की बात को लेकर लाठी से प्रहार

गोंदिया. घर के सामने की नाली साफ नहीं करने की बात को लेकर 3 आरोपियों ने तिरोडा थानांतर्गत ग्राम गराडा निवासी फरियादी लक्ष्मण राजाराम बावनकर (68) के साथ गाली गलौज कर धक्का मुक्की की। इतना ही नहीं तो एक आरोपी ने लाठी से फरियादी के हाथ पर प्रहार कर दिया। जिसमे वह जख्मी हो गया। आरोपियों में मंगल बावनकर (37), मंगला उर्फ फुलवंता बावनकर (35) तथा प्रशांत बावनकर (19) का समावेश है। यह घटना 15 दिसंबर को सुबह 11 बजे घटी। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर तिरोड़ा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1), 115, 352, 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार योगेश कुडमते कर रहे है।

जिले में 11 माह में हत्या की 28 घटनाएं

गोंदिया.

जिले में भले ही पुलिस प्रशासन की ओर से कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अनेक बार कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था को भंग किया जाता है। छोटे-छोटे कारणों पर जिले में हत्या की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इस वर्ष जनवरी से अब तक जिले में 16 पुलिस थाने की सीमा में 28 हत्या की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। बता दें कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष हत्या की घटनाएं अधिक है। गोंदिया शहर सर्वाधिक हत्याओं का गढ़ बना है। हालांकि शहर पुलिस द्वारा भी हत्या की घटनाओं को अंजाम देनेवाले आरोपियों को फौरन पकड़ा जा चुका है।

गौरतलब है कि जिले में हुई हत्या की घटनाएं आपसी रंजिश, विवाद, गुस्सा, प्रेम प्रसंग, जमीन के विवाद के चलते होने की जानकारी सामने आई है। भले ही हत्या की घटनाएं बढ़ी है, लेकिन प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की वजह से आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने व अपराधिक घटनाओं को रोकने में पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। जिले में जनवरी से अब तक हुई 28 हत्या की घटनाओं में शामिल सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। हत्या की कुछ घटनाओं में नाबालिग आरोपियों का भी समावेश है। हत्या के मामले की शिकायत न होते हुए भी पानटपरी पर हत्या की चर्चा होने की जानकारी शहर पुलिस को मिलते ही पुलिस ने शांतनु पशिने हत्याकांड का पर्दाफाश किया। बता दें कि जिले में वर्ष 2020 में 33 हत्या की घटनाओं को अंजाम दिया गया। इसी प्रकार वर्ष 2021 में 30, वर्ष 2022 में 20, वर्ष 2023 में 28 एवं वर्ष 2024 में 28 हत्या की घटनाओं का समावेश है। इनमें सर्वाधिक हत्या की घटनाएं वर्ष 2020 में हुई है।

संविधान प्रतिकृति के नुकसान पर कार्रवाई की मांग

> बौद्ध समाज की ओर से तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

सड़क अर्जुनी.

राज्य के परभणी शहर में स्टेशन रोड परिसर में जिलाधीश कार्यालय के समक्ष स्थित डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा के पास लगी संविधान की सीमेंट से बनी प्रतिकृति को नुकसान पहुंचा कर अपमानित करने की घटना का निषेध करते हुए जिले में अनेक संगठनों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपे हैं और घटना का निषेध करते हुए दोषी सिरफिरे पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है. उसी प्रकार इस घटना के बाद हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए परभणी निवासी सोमनाथ वेंकट सूर्यवंशी (35) की न्यायालयीन हिरासत में हुई मृत्यु की गहराई से जांच कर संबंधितों पर उचित कार्रवाई की मांग की है. सड़क अर्जुनी में बौद्ध समाज की ओर



से तहसीलदार अक्षय पोयाम को ज्ञापन सौंपा गया.

इस अवसर पर विदेश टेंभुर्णे, भाग्यवान शहारे, रूपचंद खोब्रागड़े, जयंत शहारे, आर.वी. मेश्राम, प्रा. राजकुमार भगत, भोजराज रामटेके, शाम बडोले, सावन सहारे, पुण्यशील कोटांगले, संघराज कानेकर, प्रमोद सदस्य प्रभाकर चोपडे, गायत्री परिवार के राम कटू, पंकज मोरे, कांग्रेस के व नेता श्री राजू चौधरी, सेवकराम आकोटकर् आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है की एडवोकेट मधुकर गायकवाड़, प्रदीप गायकवाड़ द्वारा प्रतिवर्ष गरीबो की सुध लेते हुए ठंड के दिनों मे ऊनी कपड़ो का वितरण किया जाता है। इस प्रकार के कार्यो को लेकर मधुकर गायकवाड़ का कहना है की यह कार्य आत्मिक शांति प्रदान करते है, इससे समाज सदभाव कायम होता है और समाज के प्रति दायित्वों का निर्वाह होता है।

बंसोड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित

इस अवसर पर हौसलाल रहांगडाले, मिलिंद गणवीर, रामचंद्र पाटिल, करुणा गणवीर, प्रल्हाद उके, परेश दुरु गवार, घनश्याम गजभिये व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे. इसी तरह वंचित बहुजन आघाडी जिला गोंदिया की ओर से जिलाध्यक्ष प्रा. सतीश बंसोड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपविभागीय अधिकारी गोंदिया को सौंपा गया. बहुजन समाज पार्टी की ओर से भी मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन उपविभागीय अधिकारी कार्यालय में उप विभागीय अधिकारी चंद्रकांत खंडाईत को सौंपा गया. इस अवसर पर बसपा के जिलाध्यक्ष सुनील भरणे, स्मिता उके, धर्मशीला शेंडे, ज्योत्सना मेश्राम, शिशुपाल बंसोड़, अमोल गजभिये, संदीप मेश्राम, प्रवीण कांबले, भूषण मेश्राम, छोटू बोरकर, योगराज डोंगरे, जुगल किशोर डोंगरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

वैद्य, राहुल गणवीर उपस्थित थे. उसी प्रकार भाकपा की ओर से भी गोंदिया में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपविभागीय अधिकारी को सौंपा गया. ज्ञापन में मृतक सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार को 25 लाख रु. की आर्थिक मदद देने और कानून व्यवस्था संभालने में लापरवाही बरतने वाले प्रशासकीय अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई.

सौंसर का बेटा बना साइंटिस्ट

सौंसर. मिडास कोचिंग संस्थान के 2019 बैच के एक और होनहार छात्र मोहम्मद साद का चयन हुआ इसरो में साइंटिस्ट के पद पर एवं इन्होंने ऑल इंडिया रैंक 37 लाकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया और इनके पिता एमडी. इक़बाल सौंसर में पूरे परिवार के साथ रहते है. आज बता दु की अक्सर देखा गया है और यह बात कई बच्चों के अच्छे परिणामों का गवाह भी है की जो बच्चे मिडास संस्था से पढ़े है एवं उनका बेस जो बना है की मिडास संस्था से निकले हुए बच्चे कही ना कही अपने भविष्य को साकार कर रहे है एक अच्छे मार्गदर्शन एवं उच्च शिक्षा लेने के बाद. मिडास के बच्चे कही ना कही अपना हुनर को पहचान कर और बड़े से बड़े प्रतियोगी परीक्षा को भी निकल कर आगे आ रहे है और यह सब सुनकर खुशी भी होता है की मिडास के छात्र या तो कोई अच्छा पैकेज के साथ नामी कंपनी में कार्य कर रहा है या साइंटिस्ट है या खुद का स्टार्टअप कंपनी डाल दिया या यूपीएसी जैसे बड़े परीक्षा का तैयारी कर बड़ा अधिकारी बनने के लिए ज़ोरी-सोरों मेहनत कर रहा है.

भिक्खु संघ ने किया धम्मदूत अवार्ड से मुकेश बागड़े का सम्मान

सौंसर.

सिहोरा में थायलंड,श्रीलंका वेयतनाम, आदि बुद्धिस्ट देशों से प्राप्त हुई 151 बुद्ध मूर्ति वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाईलेंड के पूज्य भंदत बुंनली महाथेरो,भदत खामसिंग थेरो,पूज्य भदत विनाचार्य नईदिल्ली,शीलरक्षित महाथेरो,पूर्व मंत्री विधायक नितिन राउत, प्रो जोगेंद्र कवाड़े,शिक्षण महर्षी सुरेश गायकवाड़,कार्यक्रम आयोजक नितिन गजभिए,स्मिता वाकड़े,नरेश महाजन आदि थे। आयोजन में महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ साथ मध्यप्रदेश सौसर, छिंदवाड़ा बैतूल सिवनी बालाघाट पांढुरना के बौद्ध विहारों के लिए बुद्ध मूर्तियों म वितरण किया गया। आयोजन में भिक्खु संघ के हस्ते व्यापारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप बागडे एवं बौध्द नवयुवक युवती सम्मेलन समिति सौसर अध्यक्ष मुकेश बागड़े को सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र के साथ में बुद्ध बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्य पर इंडो एशियन मेत्ता फाउंडेशन,इंडिया अहिल्याबाई होलकर बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था की ओर से धर्मदूत अवार्ड से सम्मानित किया गया। धम्मदूत अवार्ड से सम्मानित होने पर जिला भारतीय बौध्द महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रभान बागडे, जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले, देवेंद्र बागडे,बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे,लता नागदवने,देवेंद्र बागड़े,लष्मीदास बोरकर,दिवाकर बागड़े,दिलीप बागड़े,संजय ढोके,मिलीद बंसोड़,सिद्धार्थ, सोमकुवर, विजय नागदवने,कैलाश गजभिए,अरविंद बंसोड़,बाबा रंगारे,अशोक कामले, विश्वनाथ रंगारे सुजाता महिला मंडल संजय नगर सौसर अध्यक्ष चंद्रप्रभा ठवरे, अलका बागड़े, अनुजा बागड़े, भारती बागड़े, मयूर गजभिये, द्वारा स्वागतकर मंगलकामनाएं दि।

ठंड से बचाव के लिए बांटे कंबल

सौंसर.

पीपला नारायणवारकहते है, दुसरो का दर्द वही समझ सकता है, जो उससे गुजरा हो ऐसी सोच रखने वाले नगर के सामाजिक सरोकार से संबंध रखने वाले गायकवाड़ सिविल सर्विसेज़ ट्यूटोरियल्स् के संचालक एडवोकेट मधुकर गायकवाड़ के द्वारा नगर मे कडाके की ठंड को देखते हुए गरीब परिवार के उन बच्चों को जो सुबह अखबार बांटते है तथा जो दिव्यांग व मानसिक रूप से विक्षिप्त है ऐसे जरुरत मंद लोगो को गर्म कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान करणी सेना के जिला प्रमुख उदय ठाकुर ने भी बच्चो को जरूरत की चीजे प्रदान की। इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक स्वराज संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष युवराज कामड़े, शीतला माता मंदिर के

पत्थरों से प्रकट हुईं गढ़ माता

> नवरात्रि में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

सालेकसा.

यहां के पूर्वजों और भक्तों का श्रद्धा स्थल मां गढ़ माता त्रिपुर सुंदरी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है. मंदिर में आने वाले भक्तगण योजना कार्य में योगदान दे रहे है. प्रति वर्ष नवरात्रि व चैत्र माह में विभिन्न धार्मिक और प्रबोधनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. जिसमें महोत्सव की शुरुआत घटस्थापना के साथ होती है. भजन, कीर्तन और विभिन्न प्रबोधनात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है. सालेकसा शहर से मात्र एक किलोमीटर दूर एक ऊंची पहाड़ी पर एक मनोरम स्थान पर गढ़ माता मंदिर का निर्माण किया गया है. यहां की देवी गढ़ माता स्वयंभू हैं और माना जाता है कि वे भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं. मंदिर के पास एक सीता धूनी और एक जलकुंड है और इसमें हमेशा कम से कम तीन फीट पानी भरा रहता है. मां गढ़ माता मंदिर एक मनोकामना पूर्ण करने वाला मंदिर

है, इसलिए भक्तों की आस्था के कारण यहां साल भर भक्तों का तांता लगा रहता है. वहीं मंदिर क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता भी पर्यटकों को आकर्षित करती है. मंदिर के विकास के लिए सरकार की ओर से निधि मुहैया कराई गई. लेकिन यह अपर्याप्त है और स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु हमेशा मांग करते हैं कि धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में सरकार द्वारा अधिक निधि उपलब्ध कराई जाए.

मंदिर के बारे में एक किवदंती प्रसिद्ध प्राकृतिक से भरपूर सालेकसा कस्बे से एक किलोमीटर दूर स्थित गढ़ माता मंदिर के बारे में क्षेत्र में एक कंवदंती प्रसिद्ध है. 20वीं सदी के पहले सालेकसा के पास के पहाड़ों में गिट्टी का खनन किया जाता था. इसी दौरान एक पहाड़ पर 'गोगल और कारू' प्रजाति के पेड़ के नीचे पत्थर तोड़ने और गिट्टी तोड़ने का काम चल रहा था, तभी मजदूरों को मातेश्वरी गढ़ माता की मूर्ति दिखी. यह बात उन्होंने सालेकसा रेलवे स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन मास्टर स्व.यु. शिवराम बाजू को बताई. उन्होंने पहाड़ी पर गिट्टी तोड़ने का काम बंद कर दिया और जहां मूर्ति मिली, वहां मातेश्वरी गढ़ माता का मंदिर बनवाया.

प्रतिदिन 1 बाघ के दर्शन

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर रात एक बाघ गढ़ माता के दर्शन के लिए मंदिर में आता था. कुछ वर्षों के बाद पहाड़ी क्षेत्र में चरवाहे को पहाड़ पर एक अज्ञात महिला दिखाई देती थी और एक निश्चित स्थान पर गायब हो जाती थी. गांव के धार्मिक और बुद्धिमान नागरिकों ने जब उस स्थान पर खुदाई की जहां पर महिला की शरण होनी थी, तो उस स्थान से दुर्गा माता की दो फीट ऊंची काले पत्थर की मूर्ति मिली. जिस स्थान पर मूर्ति मिली, वहां भक्तों ने एक भव्य मंदिर बनवाया और दुर्गा माता की स्थापना की.

परभणी घटना पर बौद्ध संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

सौंसर.

गुरुवार को बौद्ध समाज के विभिन्न संगठनों ने महाराष्ट्र के परभणी में हुई घटना के विरोध में सौसर तहसील कार्यालय परिसर में एक रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई। भारतीय बौद्ध महासभा, राजरत्न अंबेडकर, बुद्ध धम्म प्रचार समिति, बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन सौसर, भीम आर्मी, बसपा, बामसेफ, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर जैसे संगठनों ने इस ज्ञापन को सौंपा।

ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया कि महाराष्ट्र के परभणी में कुछ सामाजिक तत्वों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को तोड़ा और बौद्ध समाज के अधिकारों का उल्लंघन किया। इस घटना के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने बर्बरता से लाठीचार्ज किया, जिसमें निर्दोष भीम सैनिक सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत हो गई।

संगठनों ने कहा कि पिछले 10-12 वर्षों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बौद्ध समाज पर लगातार अन्याय और अत्याचार हो रहे हैं, और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के साथ अवमानना की जा रही है। इस पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार से कठोर कदम उठाने की अपील की गई। ज्ञापन सौंपने के बाद चंद्रभान बागडे, डॉ. अशोक भगत, मुरलीधर कामले, डॉ. वाय एल ठवरे, देवेंद्र बागड़े, मुकेश बागड़े, बसपा प्रभारी ज्ञानेश्वर गजभिए समेत कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।